SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES- 4 (TERM-1)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

LESSON- 5 मधुर वाणी ,
व्याकरण – संज्ञा

प्रश्न -१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से देखकर नोटबुक में लिखिए |

प्रश्न -२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में में प्रयोग कीजिए –

क) जंगल - वन

वाक्य – राजा जंगल में शिकार के लिए गया |

ख) जल – पानी

वाक्य – जल ही जीवन है |

ग) मधुर – मीठा

वाक्य – हमें हमेशा मधुर बोलना चाहिए |

प्रश्न -३) खाली स्थान भरिए –

क) राजा एक बार शिकार पर गया |

ख) वहाँ एक बूढ़ी महिला की झोपड़ी थी |

ग) उसके राज्य में सभी लोग सुखी थे |

प्रश्न -४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) राजा कहाँ रहता था ?

उत्तर- राजा जंगल में रहता था |

ख) झोपड़ी में कौन था ?

उत्तर - झोपड़ी में एक बूढ़ी औरत थी |

ग) मंत्री किसके लिए पानी माँगने गया था ?

उत्तर- मंत्री राजा के लिए पानी माँगने गया था |

घ) बूढी महिला राजा से क्यों प्रसन्न थी ?

उत्तर- बूढी महिला राजा की मधुर वाणी सुनकर प्रसन्न थी |

प्रश्न -५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए –

क) कैसे पता चलता है कि राजा नेक और दयालु था ?

उत्तर- राजा बड़ों का आदर और छोटों का सम्मान करता था | वह त्योहार व उत्सव पर सभी को उनके अनुसार उपहार देता था , जिससे उसके नेक व दयालु होने का पता चलता है |

ख) मंत्री ने राजा को झोपड़ी क्यों दिखाई ?

उत्तर- राजा प्यास के कारण व्याकुल था , इसलिए उन्हें धीरज देने के लिए मंत्री ने राजा को झोपड़ी दिखाई |

ग) सिपाही ने बूढ़ी महिला से क्या कहा ?

उत्तर- सिपाही ने बूढ़ी महिला से निरादरपूर्वक पानी लाने को कहा |

घ) बूढ़ी महिला ने मंत्री और सिपाही को पानी न देने का क्या कारण बताया ?

उत्तर- बूढ़ी महिला ने मंत्री और सिपाही के असभ्य होने के कारण पानी देने से इंकार किया |

व्याकरण पाठ ५ – संज्ञा

संज्ञा की परिभाषा – किसी व्यक्ति , प्राणी , स्थान , वस्तु अथवा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं |

जैसे – हाथी , आगरा ,पंखा हरियाली आदि |

व्यक्ति के नाम – सीता , नेहा , माता – पिता , मोहन आदि |

प्राणी के नाम - मोर , शेर , चिड़िया , बिल्ली , चीता आदि |

स्थान के नाम – आगरा , दिल्ली , विद्यालय , अस्पताल आदि |

वस्तु के नाम – जूते , पेंसिल , किताब , खिलौने , आइसक्रीम आदि |

भावों के नाम – ख़ुशी , बुढ़ापा , मोटापा , सरदी , हरियाली आदि